**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to ban advertisement carrying motorbike stunts.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, आजकल कुछ विज्ञापनों में खासतौर से टू-व्हीलर के जो विज्ञापन होते हैं, उनमें स्टंट्स दिखाए जाते हैं। स्टंट को रोकने के लिए पुलिस भी कोशिश करती है, क्योंकि मोटरसाइकिल पर स्टंट करने से बच्चों की जान खतरे में रहती है। इस प्रकार के जो स्टंट्स दिखाए जाते हैं, उनसे मोटरसाइकिल चलाने वालों में स्टंट करने की इच्छा पैदा होती है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है।

इसी प्रकार से बनियान के जो विज्ञापन होते हैं उनमें भी स्टंट्स दिखाए जाते हैं। कोई एक बच्चा बनियान निकालता है या हाथ से छूता है तो बनियान पहनने वाला व्यक्ति स्टंट करता है। बनियान पहनने से हो सकता है कि कोई व्यक्ति स्मार्ट हो जाए, हीरो भी जो जाए; इसमें हमको कोई एतराज नहीं है।

मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि इस प्रकार की जो वस्तुएँ हैं उनके विज्ञापन के अंदर स्टंट को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। क्योंकि स्टंट के कारण जो नौजवान बच्चे हैं, वे मिसगाइड होकर उसी प्रकार की कोशिश करते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Sharad Tripathi, Shri Bhairon Prasad Mishra and Dr. Kulmani Samal are permitted to associate with the issue raised by Shri Rajendra Agrawal.